भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3011

उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 15 मार्च, 2021

24 फाल्गुन, 1942 (शक)

सूर्यास्त के बाद स्मारकों का खोला जाना

3011. श्री नायब सिंह सैनी:
डॉ. रामशंकर कठेरिया:

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 10 प्राचीन स्मारकों को सूर्यास्त के बाद भी खोले रखने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) हरियाणा और उत्तर प्रदेश में वे कौन-कौन से स्मारक हैं जिन्हें सूर्यास्त के बाद भी खुला रखा जाएगा; और

(ग) क्या इन दस स्मारकों के अतिरिक्त साथ-साथ अन्य स्मारकों के बारे में भी उक्त निर्णय लागू किए जाने की कोई योजना है तथा यदि हां, तो कब तक ऐसा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) : तीस केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों को सूर्यास्त के बाद भी खुला रखा जाता है, जिनका ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख) : हरियाणा के थानेसर में शेख चिल्ली के मकबरे को सूर्यास्त के बाद भी खुला रखने के लिए चुना गया है। परंतु इसे अभी जनता के लिए नहीं खोला गया है क्योंकि इसका अभी तक प्रदीप्तिकरण नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में रेजिडेंसी भवन तथा वाराणसी में मान महल दोनों को सूर्यास्त के बाद भी लोगों के लिए खुला रखा जाता है।

(ग) : वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 15.03.2021 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3011 के उत्तर के भाग (क) के संबंध में निर्दिष्ट अनुबंध

उन केंद्रीय संरक्षित स्मारकों / स्थलों की सूची जो देर रात तक खोले जाते हैं

क्र.सं.	राज्य	जिला	स्थान	स्मारक का नाम
1.	आंध्र प्रदेश	हैदराबाद	हैदराबाद सिटी	चार मीनार
2.	दिल्ली	दिल्ली	दिल्ली	अफसर वाला-की-मस्जिद
3.	दिल्ली	दिल्ली	दिल्ली	लाल किला
4.	दिल्ली	दिल्ली	दिल्ली	पुराना किला
5.	दिल्ली	दिल्ली	दिल्ली	सफदरजंग मकबरा
6.	दिल्ली	दिल्ली	दिल्ली	हुमायूँ का मकबरा
7.	दिल्ली	दिल्ली	दिल्ली	आबिदी बाग बू-हलीमा का प्रवेश द्वार
8.	दिल्ली	दिल्ली	दिल्ली	जंतर मंतर
9.	दिल्ली	दिल्ली	दिल्ली	कोटला फिरोज शाह
10.	दिल्ली	दिल्ली	दिल्ली	अफसर वाला का मकबरा
11.	दिल्ली	दिल्ली	दिल्ली	खान खाना का मकबरा
12.	दिल्ली	दिल्ली	महरौली	हौज खास में इमारत- समूह
13.	दिल्ली	दिल्ली	महरौली	कुतुब पुरातत्वीय क्षेत्र
14.	गुजरात	पाटण	पाटण	रानी-की-वाव (अभी तक खोला नहीं गया है)
15.	हरियाणा	थानेसर	कुरुक्षेत्र	शेख चिल्ली का मकबरा (अभी तक खोला नहीं गया है)
16.	कर्नाटक	पट्टडकल	भागलकोट	स्मारकों का समूह 17 पट्टडकल (अभी तक खोला नहीं गया है)
17.	कर्नाटक	विजयपुर	विजयपुर	गोल गुम्बज(अभी तक खोला नहीं गया है)
18.	कर्नाटक	बैंगलोर	बैंगलोर	टीपू सुल्तान का महल
19.	कर्नाटक	बीजापुर	बीजापुर	गोल गुम्बज
20.	कर्नाटक	मंड्या	सेरिंगपटनम	दरिया दौलत बाग
21.	मध्य प्रदेश	खजुराहो	छतरपुर	दूल्हादेव मंदिर (अभी तक खोला नहीं गया है)
22.	महाराष्ट्र	पुणे	पुणे	आगा खां महल
23.	महाराष्ट्र	गड़चिरोली	मारकंडा चामुर्शी	मंदिर समूह, मारकंडा चामुर्शी
24.	महाराष्ट्र	औरंगाबाद	औरंगाबाद	राबिया दुर्रानी का मकबरा (बीबी-का-मकबरा)
25.	ओडिशा	भुवनेश्वर	भुवनेश्वर	राजरानी मंदिर परिसर
26.	राजस्थान	अजमेर	अजमेर	अनासागर बांध पर संगमरमर का मंडप और बलस्तार और अनासागर बांध के पीछे संगमरमर से बने हमाम के खंडहर
27.	उत्तर प्रदेश	आगरा	आगरा	ताज महल
28.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	लखनऊ	रेजीडेंसी भवन
29.	उत्तर प्रदेश	वाराणसी	वाराणसी	मान महल, वैधशाला
30.	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	कोलकाता	मेटकाफ हॉल

*****